देश के दो तिहाई ग्रामीण परिवारों को मिल रहा स्वच्छ पानी : शेखावत

जागरण संवाददाता, दक्षिणी दिल्ली : लोधी रोड स्थित दीन दयाल अंत्योदय भवन में जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के तहत 25 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे जल सैनिकों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि देश के दो तिहाई परिवारों को स्वच्छ पेयजल मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 15 अगस्त 2019 में की गई थी। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, जल शक्ति मंत्रालय में पेयजल और स्वच्छता विभाग की सचिव विनी महाजन और अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक, एनजेजेएम विकास शील मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में कार्य करने वाले जल योद्धाओं को सम्मानित करते केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और जल शक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल • जागरण

कार्यक्रम में सम्मानित जल सैनिक सरपंच, प्लंबर, पंप आपरेटर, जल मीटर रीडर और ग्राम जल और स्वच्छता समिति के सदस्य रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

इनका कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में नल के पानी की कवरेज को सुनिश्चित करना है। केंद्र सरकार की इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी के प्रयासों को स्वीकार करना और सच्चे लोकतांत्रिक तरीके से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए आम आदमी के प्रति आभार व्यक्त करना है।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जल जीवन मिशन ने चौथी वर्षगांठ पूरी की है। इसकी शुरुआत में 3.25 करोड़ ग्रामीणों के घरों में नल के पानी का कनेक्शन था। चार साल की इस यात्रा में दो तिहाई ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया। आज के समय में 12.83 करोड़ यानी 66.73 प्रतिशत लोगों को पीने योग्य नल का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने तक जल क्षेत्र को किसी ने उचित महत्व नहीं दिया और जल एक विषय के रूप में कई मंत्रालयों और विभागों में बंटा था। प्रधानमंत्री ने एकीकृत जल शक्ति मंत्रालय बनाया, जहां जल से संबंधित सभी विषयों पर एकीकृत दृष्टिकोण के साथ काम करना शुरू किया गया। शेखावत ने बताया कि जल जीवन मिशन का लक्ष्य ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के साथ ओडीएफ प्लस बनाने है। फिलहाल, 60 प्रतिशत गांव पहले ही ओडीएफ प्लस बन चुके हैं, वहीं कार्यक्रम में पहुंचे जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत निर्धारित गुणवत्ता का पानी पर्याप्त मात्रा में हर ग्रामीण क्षेत्रों के हर घर तक पहुंचे।